# कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक (महात्मा गांधी नरेगा), उदयपुर (राज0)

क्रमांकः एफ (**JTA-AA-2017**)/महात्मा गांधी नरेगा/2017/708 दिनांक :11/10/2017

:: विज्ञप्ति ::

M G N R E G A

महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत उदयपुर जिले में भारत सरकार/राज्य सरकार के दिशानिर्देशों की अनुपालना में कनिष्ठ तकनिकी सहायक एवं लेखा सहायक के पदों को पूर्णतः संविदा पर रखें जाने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 06/11/2017 तक आमंत्रित किये जाते है।

| क्र.सं. | संविदा सेवा का पदनाम | पदों की संख्या | मानदेय | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ तकनिकी सहायक | 97 | 13000/– प्रतिमाह (8000 एकमुश्त + 2000 यात्राभत्ता + 3000 ग्रामीण भत्ता) | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा अथवा कृषि अभियांत्रिकी में बीई या बी.टेक |
| 2 | लेखा सहायक | 32 | 8000/– प्रतिमाह | भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या उसके अधीन महाविद्यालय से बी.कॉम/सीए इन्टरमिडिएट (आईपीसी)/आईसीडब्ल्यूए (इन्टर)/सीएस (इन्टर) |

नियम एवं शर्ते :–

1. पूर्ण विज्ञप्ति www.udaipur.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिसमें कि आरक्षण, आयुसीमा, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता, आवेदन प्रारूप मय शर्ते एवं चयन प्रक्रिया का विस्तृत विवरण उपलब्ध है।
2. पदों की संख्या घटाई या बढाई जा सकती है। किसी प्रकार का विवाद होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता का निणय मान्य होगा।

(**बिष्णु चरण मल्लिक**)
जिला कार्यक्रम समन्वयक (MGNREGA)
एवं जिला कलक्टर, उदयपुर (राज.)

प्रतिलिपि

1. संपादक महोदय, राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति आगामी अंक में डीपीआर दरों पर कम से कम साईज में प्रकाशित कर नियमानुसार बिल प्रेषित करावें।
2. उप निदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उदयपुर उक्त विज्ञप्ति मय संलग्न सूचना वेबसाईट www.udaipur.rajasthan.gov.in पर अपलोड कराने हेतु।

जिला कार्यक्रम समन्वयक (MGNREGA)
एवं जिला कलक्टर, उदयपुर (राज.)

# कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक (महात्मा गांधी नरेगा), उदयपुर (राज0)

क्रमांकः एफ (**JTA-AA-2017**)/महात्मा गांधी नरेगा/2017/708 दिनांक :11/10/2017

MGNREGA

## –:: विज्ञप्ति ::–

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत उदयपुर जिले में भारत सरकार के दिशा निर्देश दिनांक 21–08–2014 एवं वित विभाग के परिपत्र दिनांक 27–06–2014 तथा श्रीमान शासन सचिव एवं आयुक्त (ई.जी.एस.) ग्रीमीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर के पत्र क्रमांक 93342 दिनांक 25.05.2017 की अनुपालना में नीचे वर्णित पद पर कनिष्ठ तकनीकी सहायकों एवं लेखा सहायक को पूर्णतया संविदा पर रखे जाने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 06.11.2017 तक आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. सं. | सेवा/पद का नाम | पदस्थापन का माध्यम | मानदेय | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | पूर्णतया संविदा पर | 8000/–एक मुश्त एवं यात्रा भत्ता के रूप में पुर्नभरण हेतु अधिकतम 2000/– एवं ग्रामीण भत्ता 3000/– कुल रूपये 13000/– | सिविल अभियान्त्रिकी में डिग्री/डिप्लोमाधारी तथा कृषि इंजीनियरिंग मे बी.ई.या बी.टेक डिग्रीधारी |

| कैटेगरी | कनिष्ठ तकनीकी सहायक हेतु कुल पदो की संख्या | सामान्य | | | | अन्य पिछडा वर्ग | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | दिव्यांग | उत्कृष्ट खिलाडी | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | महिला | | | | महिला | | | | महिला | | | | महिला | | | | | |
| | | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | | | |
| TSP | **79** | **27** | **8** | **3** | **1** | - | - | - | - | **3** | **1** | - | - | **25** | **7** | **3** | **1** | **3** | **2** | **10** |
| Non TSP | **18** | **8** | **3** | - | - | **2** | **1** | - | - | **2** | - | - | - | **2** | - | - | - | **1** | - | **2** |

| क्र. सं. | सेवा/पद का नाम | पदस्थापन का माध्यम | मानदेय | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखा सहायक | पूर्णतया संविदा पर | रू. 8000/– प्रति माह | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविधालय अथवा उसके अधीन महाविधालय से बी.कॉम/सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.)/आई.सी.डब्ल्यू.ए.(इन्टर) / कम्पनी सैकेट्री (इन्टर) |

| कैटेगरी | लेखा सहायक हेतु कुल पदो की संख्या | सामान्य | | | | अन्य पिछडा वर्ग | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | दिव्यांग | उत्कृष्ट खिलाडी | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | महिला | | | | महिला | | | | महिला | | | | महिला | | | | | |
| | | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | पुरूष | सामान्य | विधवा | परित्यक्ता | | | |
| TSP | **21** | 7 | **2** | **1** | **0** | - | - | - | - | **1** | - | - | - | 7 | **2** | **1** | - | **1** | **0** | **2** |
| Non TSP | **11** | **5** | **2** | - | - | **2** | - | - | - | **1** | - | - | - | **1** | - | - | - | **1** | - | **1** |

नियम एवं शर्ते :–

1. **<u>आयु सीमा</u>** :– दोनो पदों के आवेदकों की दिनांक 01.01.2018 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिये । निम्नलिखित श्रेणी के अभ्यार्थियों को निम्नानुसार आयु सीमा में छुट देय है –
   - राजस्थान राज्य के अजा./अजजा. तथा अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमिलेयर) के पुरूष अभ्यार्थी या सामान्य प्रवर्ग की महिला अभ्यार्थी के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट ।
   - राजस्थान राज्य की अजा./अजजा. तथा अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमिलेयर) के महिला अभ्यार्थी के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट।

- भूतपूर्व सैनिकों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट।
- विधवाओं एवं तलाकशुदा महिला के मामले में कोई आयु (अधिवार्षिकी तक) सीमा नहीं होगी।

2. <u>आरक्षण</u> :–
   - अनुसूचित क्षेत्र के लिये अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति आरक्षण की गणना राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या एफ–13(20)कार्मिक/क–2/91/पार्ट दिनांक 04.07.2016 के अनुसार की जावेगी। अनुसूचित क्षेत्र के उक्त रिक्त पदों के लिये केवल राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के स्थानीय निवासी ही आवदेन कर सकेंगे। अनुसूचित क्षेत्र के अभ्यार्थियों से ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत है, जो अनुसूचित क्षेत्र के सद्भावी निवासी है और जो स्वयं या, यदि उनका जन्म 01.01.1970 के बाद हुआ है, तो उनके माता–पिता/पूर्वज 01.01.1970 के पूर्व से अनुसूचित क्षेत्र के सद्भावी निवासी रहे है। गैर अनुसूचित क्षेत्र के निवासी आवेदन के पात्र नहीं होंगे।
   - महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन के लिये आरक्षित पदों का आहरण क्षैतिज (Horizontal) होगा।
   - आरक्षण की स्थिति राज्य सरकार के निर्देशों एवं नवीनतम नियमों के अध्ययधीन रहेंगी।
   - सामान्य प्रक्रिया के अनुसार रिक्तियों का भरा जाना, पद आधारित रोस्टर के अनुसार पदों के आरक्षण को प्रभावी नहीं करेगा और रोस्टर में आरक्षित पदों पर उपलब्ध रिक्तियों को अजा या यथा स्थिति अजजा के व्यक्तियों में से भरा जा सकेगा।
3. आवेदको को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।
4. उक्त सेवाओं के लिए अनुबंध दिनांक 28.02.2018 तक के लिए होगा तथा आवश्यकतानुसार अनुबंध बढाया भी जा सकेगा। सेवा असंतोषप्रद होने पर नियमानुसार अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. पदो की संख्या घटाई व बढाई जा सकेगी।
6. आवेदक द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा के साथ–साथ प्रशैक्षणिक योग्यता की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र जो कि भारत सरकार एंव राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी हो, कि स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रतियां अनिवार्य रुप से संलग्न करें।
7. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी अपने नाम, पिता, पति का नाम, जाति, लिंग, आयु, निवास स्थान व वर्तमान पता एवं स्थाई पता शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता से संबंधित स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतिलिपियां संलग्न करें।
8. आवदेन पत्र की **<u>अंतिम तिथि 06.11.2017</u>** होगी। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जायेगा। डाक द्वारा भिजवाये जाने वाले आवेदन पत्र उक्त तिथि तक कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए डाक विभाग या अन्य किसी कारण से होने वाले विलम्ब के लिए संबंधित अभ्यर्थी उत्तरदायी होंगे, आवेदन में सुधार हेतु पत्र व्यवहार स्वीकार नही किया जावेगा।
9. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र व योग्यता सम्बधी दस्तावेजो की मूल प्रति से जांच कराने हेतु सूचित किया जावेगा तथा वरियता सूची कार्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा की जावेगी।
10. किसी भी आरक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थी न होने की दशा में रिक्तियों को अग्रेषित करने के स्थान पर उन्हे उपलब्ध अन्य (सामान्य) पात्र अभ्यार्थियों से भरा जा सकेगा।
11. कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं लेखा सहायको पंचायत समिति विशेष हेतु अनुबंधित करने के स्थान पर जिले की किसी भी पंचायत समिति में कार्य करने हेतु अनुबंधित किया जावेगा, ताकि जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आवश्यकता अनुसार जिले की किसी भी पंचायत समिति में नियोजित किया जा सकेगा।
12. अनुसूचित क्षेत्र निवासी ही T.S.P. क्षेत्र के आवेदन के पात्र होंगे।
13. **कनिष्ठ तकनीकी सहायक** की वरीयता तैयार करने का आधार निम्नानुसार रहेगा।
   - डिप्लोमा के 3 अंक/डिग्री के 5 अंक
   - राजकीय कार्य में अनुभव के एक वर्ष का 1 अंक, दो वर्ष का 2 अंक एवं तीन वर्ष या अधिक के 3 अंक

- डिप्लोमा या डिग्री के प्राप्तांकों के 10% अंक
- कम्प्यूटर ज्ञान के 2 अंक

14. **लेखा सहायक** की वरीयता तैयार करने का आधार निम्नानुसार रहेगा।
    - बी.कॉम – 3 अंक / एम.कॉम – 2 अंक / सी.ए.,सी.एस., आई.सी.डब्ल्यू.ए. – 5 अंक
    - राजकीय कार्य में अनुभव के एक वर्ष का 1, दो वर्ष के 2 एवं तीन वर्ष या अधिक के 3 अंक
    - स्नातक डिग्री के प्राप्तांकों का 10% अंक
    - कम्प्यूटर ज्ञान के 2 अंक

**कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं लेखा सहायक** के पदों हेतु कम्प्यूटर ज्ञान के अंक निम्न में से कोई योग्यता होने पर जोडे जायेगें :–

इलेक्ट्रोनिक्स विभाग , भारत सरकार के नियन्त्रणाधीन डी.ओ.ई.ए.सी.सी. द्वारा आयोजित ''ओ'' या उच्चतर स्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम।

या

व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कीम की राष्ट्रीय / राज्य परिषद के अधीन आयोजित कम्प्यूटर आपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट (सी.ओ.पी.ए.) / डाटा प्रिप्रेशन और कम्प्यूटर साफ्टवेयर (डी.पी.सी.एस) प्रमाण पत्र।

या

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर साइंस / कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स में डिप्लोमा।

या

सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी पालीटेक्निक संस्था से कम्प्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

या

राजस्थान नालेज निगम लिमिटेड के नियंत्रणाधीन वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित सूचना प्रोद्योगिकी (आर.एस.सी.आई.टी.) में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

15. चयनित अभ्यार्थी को नियमानुसार 100 / – के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर अनुबन्ध पत्र भरकर प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अनुबन्ध अवधि, पारिश्रमिक एवं अन्य शर्तो का उल्लेख होगा।
16. किसी प्रकार का विवाद होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय मान्य होगा।

**(बिष्णु चरण मल्लिक)**
जिला कार्यक्रम समन्वयक (MGNREGA)
एवं जिला कलक्टर, उदयपुर (राज.)

# कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक (महात्मा गांधी नरेगा), उदयपुर (राज0)

:: आवेदन का प्रारूप ::

**पदनाम : कनिष्ठ तक. सहायक ☐ / लेखा सहायक ☐**

M G N R E G A

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम (हिन्दी में) | श्री/श्रीमती/सुश्री........................................................................... |
| आवेदक का नाम (अंग्रेजी केपिटल लेटर में) | |
| पिता का नाम | |
| जन्मतिथि (दिनांक/माह/वर्ष) | ....../......../............. |
| दिनांक 01.01.2018 को आयु | ......... वर्ष ............ माह .......... दिवस |
| लिंग (पुरूष/स्त्री) (विधवा/परित्यकता) | |
| जाति (UR/OBC/SBC/SC/ST/TSP) | |
| विकलांगता (प्रमाण–पत्र) | |
| गृहजिला एवं राज्य | जिला .................................. राज्य ....................... |

**शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता**

| क्र.सं. | नाम | बोर्ड/वि.वि. संस्था का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | कार्यालय उपयोग हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माध्यमिक | | | | | | |
| 2 | उच्च माध्यमिक | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | सीए, आईपीसी, सीएस | | | | | | |
| 5 | डिप्लोमा सिविल | | | | | | |
| 6 | डिग्री सिविल | | | | | | |
| 7 | कृषि अभि. डिग्री | | | | | | |
| 8 | कम्प्यूटर ज्ञान | | | | | | |
| 9 | अन्य | | | | | | |
| 10 | कार्यानुभव (प्रमाण पत्र) | सरकारी कार्यालय का नाम :– | | | | | |
| | | अनुभव अवधि दिनांक ............................ से .......................... तक कुल वर्ष .......... | | | | | |

| | |
|---|---|
| पता | ग्राम/वार्ड............................. तहसील ................................. <br> जिला ...................................... राज्य .................................. पिनकोड ............. |
| फोन/ मोबाईल नम्बर | |
| ई–मेल आईडी | |

**घोषणा**

मैं ................................................... यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त सूचनाऐं मेरी जानकारी में पूर्ण एवं सत्य है। यदि इनमें से कोई सूचना मेरे चयन के पूर्व या बाद में असत्य पाई जाती है तो मेरे विरूद्व आवश्यक कार्यवाही की जावे। मैने उपर्युक्त पद के लिए प्रकाशित विज्ञापन, नोटिस एवं वेबसाईट पर उपलब्ध जानकारी से संबंधित सभी नियम एवं शर्ते ध्यानपूर्वक पढ़ ली है एवं मैं पुनः यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपयुक्त पद से संबंधित योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित शर्ते पूरी करता हूँ/करती हूँ।

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

दिनांक ................................

स्थान ..................................

# आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण

M G N R E G A

| क्र.सं. | नाम | संलग्न |
|---|---|---|
| 1 | माध्यमिक अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 2 | उच्च माध्यमिक अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 3 | स्नातक अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 4 | स्नात्कोत्तर अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 5 | सीए, आईपीसी, सीएस अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 5 | डिप्लोमा सिविल | |
| 6 | डिग्री सिविल | |
| 7 | कृषि अभियांत्रिकी में डिग्री | |
| 8 | कम्प्यूटर ज्ञान अंकतालिका / प्रमाणपत्र | |
| 9 | सरकारी कार्यालय में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 10 | जाति प्रमाण पत्र (OBC/SBC/SC/ST) | |
| 11 | विशेष मूल निवास<br>(राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या<br>एफ–13(20)कार्मिक / क–2 / 91 / पार्ट<br>दिनांक 04.07.2016 के अनुसार) | |
| 12 | मूल निवास प्रमाण पत्र | |
| 13 | दिव्यांग प्रमाण पत्र यदि लागू हो | |
| 14 | विवाह विच्छेद प्रमाण पत्र (परित्यकता होने पर) | |
| 15 | अन्य | |

नोटः समस्त संलग्न दस्तावेज साफ–सुथरे एवं छाया–प्रतिलिपि (फोटोकॉपी) होना चाहिए किसी प्रकार की कॉट–छांट, अशुद्धी होने पर एवं दस्तावेज सही दृश्य नहीं होने पर समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी की स्वयं की रहेगी।)